प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एल्युमनी कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 11 नवम्बर 2024। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 'एल्यूमिनाई मीट एवं कार्यशाला 2024' का आयोजन किया गया। एल्युमिनाई कार्यक्रम में गोल्डन जुबली बैच 1974–75 के पूर्व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, डा. रीता सिंह रघुवंशी, पूर्व अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, डा. सरिता श्रीवास्तव एवं समस्त 1974–75 बैच द्वारा दीप प्रज्वलित कर गई।

इस कार्यक्रम में डा. रीता सिंह रघुवंशी, डा. सरिता श्रीवास्तव, डा. सतविन्द्र, श्रीमती रजनी गर्ग, डा. वन्दना गुप्ता, डा. नीरू ग्रोवर, श्रीमती अर्चना सिंह, डा. छाया शुक्ला, डा. नीतू डोभाल, डा. सोनू रानी, डा. पूजा टम्टा, डा. शैफाली मैसी आदि उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में डा. निधि शर्मा, डायरेक्टर, अद्वितीय टैक्सटाइल्स ने "Up Scaling of Educational and Professional Prospects in Home Science/Community Science Entrepreneurial Avenues" पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में कुल 195 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने बधाई दी।

कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते एल्युमिनाई।

निदेशक संचार